## डिजिटल जनगणना को लेकर सुराणा का आह्वान, सही जानकारी देवे

**जावरा।** देश में प्रस्तावित डिजिटल जनगणना को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से समाजसेवी नीलेश कुमार सुराणा जैन हिंदू शेर ने नागरिकों से महत्वपूर्ण अपील की है। आपने कहा कि प्रत्येक भारतवासी को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए जनगणना में पूरी तरह सही और सटीक जानकारी देना चाहिए, ताकि देश के विकास की योजनाएं सही आंकड़ों के आधार पर बनाई जा सकें। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में जनगणना एक नई शुरुआत है, जो देश को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी सहायक होगी। इस पहल में सभी नागरिकों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। नीलेश कुमार सुराणा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हमें एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए और इस डिजिटल जनगणना अभियान को सफल बनाना चाहिए। उन्होंने अंत में जय हिंद, वंदे मातरम्, जय मां भारती के नारों के साथ नागरिकों से इस महत्वपूर्ण कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

## हर घर सकोरा योजना का शुभारंभ, पक्षियों के लिए जल उपलब्ध कराने की पहल



**जावरा।** जैन सोशल ग्रुप नवकार द्वारा संचालित जीवदया योजनाओं के अंतर्गत घर-घर सकोरा, हर घर सकोरा योजना का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, पूर्व पार्षद प्रदीप शर्मा, गोवर्धन अरोड़ा, समाजसेवी बाबूलाल कोठारी एवं संतोष चौरडिया मुख्य अतिथि के रूप में मौजुद थे। इस अवसर पर संस्था के संजय आंचलिया, अध्यक्ष आशीष कोठारी, नरेंद्र कांठेड़, मनोज मेहता, अभिषेक बोरदिया, सचिव पुनीत चोरड़िया, कोषाध्यक्ष मनीष दसेड़ा, सौरभ मेहता, भ संघवी, राहुल छाजेड़, अनुराग संघवी, सुधीर कोचट्टा, मनीष पावेचा, शेखर रजावत, कपिल ललवानी, अंकित भंडारी, अभिषेक सकलेचा, गौरव भंडारी, अंकित मेहता, भावेश हरण, सुमित चत्तर आदि सदस्य उपस्थित थे ।

## सुखेडा उपमंडी में बड़ा तोल कांटा नही, किसानों ओर परेशान



**जावरा ।** मंडी प्रशासन को लगातार दो वर्षो से किसान यह अवगत करा रहे की एक बड़ा तोल कांटा सुखेडा उपमंडी में होना चाहीए, पर मंडी प्रशासन हर बार गेहूं सीजन में आकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता हे। मजबुरी मे व्यापारी उपमंडी से बाहर, आने जाने में छ किलोमिटर दुर किसानों को तोल करने भेजता है। किसान नेता दिलीप पाटीदार ने बताया की किसान थका हारा क्या नहीं करता, उसको उसकी उपज तोलने में यह करो वह करो सब करता है पर मंडी प्रशासन बड़े काटे की व्यवस्था नहीं कर पाता। दुसरी ओर नगर ओर मंडी के मध्य जाने के रास्ते पर राहगिरो को जाम से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मंडी प्रशासन यह व्यवस्था सुधार दे तो यह दोनों समस्या खत्म हो सकती है।

## जनगणना 2027 हेतु प्रशिक्षण के साथ प्रगणको एवं सुपरवायजरों ने फील्ड में किया परीक्षण



**रतलाम।** भारत सरकार गृह मंत्रालय जनगणना कार्य निर्देशालय के निर्देशानुसार कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जनगणना 2027 हेतु प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के कार्य हेतु नियोजित प्रगणक एवं पर्यवेक्षक को प्रशिक्षण दिया गया। चार्ज अधिकारी बाजाना, पिपलोदा, तहसील रतलाम शहर, तहसील रतलाम ग्रामीण, तहसील आलोट(आक्याकलां), तहसील जावरा, तहसील ताल, तहसील रावटी, तहसील सैलाना द्वारा अपने अपने क्षेत्र में आयोजित प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। नगरीय क्षेत्र में आयोजित प्रशिक्षण का भी संबंधित चार्ज अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया । प्रशिक्षण में फील्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनरो द्वारा प्रशिक्षण दिया गया एवं जनगणना कार्य की जानकारी दी गई । जिला जनगणना प्रभारी ओजस्विनी शर्मा द्वारा भी प्रशिक्षण का निरीक्षण कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं कार्यप्रणाली का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण प्राप्त करने के साथ ही प्रगणक एवं सुपरवायजरों ने फील्ड में जाकर दक्षता का परीक्षण भी किया।

## कृषि उपज मंडी में सड़क सुरक्षा अभियान, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाए गए रेडियम स्टिकर

**रतलाम।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में आज कृषि उपज मंडी रतलाम परिसर में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत मंडी में उपज लेकर आने वाले किसानों के ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम स्टिकर लगाए गए, ताकि रात्रि के समय वाहनों की दृश्यता बढ़े और सड़क दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। इस दौरान लगभग 100 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम स्टिकर लगाए गए। प्रशासन द्वारा किसानों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए अपील की गई कि वे अपने वाहनों पर आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाएं, जिससे दुर्घटनाओं से बचाव सुनिश्चित हो सके।

# श्रद्धा और भक्ति का दिव्य संगम:सेमलियाजी तीर्थ पर मैत्री मिलन समारोह संपन्न



**जावरा।** श्री श्वेतांबर जैन वरिष्ठ सेवा समिति द्वारा इस सत्र का प्रथम मैत्री मिलन समारोह एवं तीर्थ दर्शन 2300 वर्ष प्राचीन पावन धरा श्री सेमलियाजी महातीर्थ में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समाजसेवी लालचंद सुराणा, राजकुमार सुराणा, अभय सुराणा (रतलाम) एवं जीवदया प्रेमी विनोद डांगी के विशेष आतिथ्य में आयोजित हुआ, जिसने आयोजन को विशेष ऊंचाई प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में दादा शांतिनाथ भगवान को छाप चढ़ाने का लाभ चमेलीदेवी आनंदीलाल संघवी को प्राप्त हुआ। ढोल-नगाड़ों और भक्ति भाव के बीच निकले जुलूस में बड़ी संख्या में दंपति एवं सदस्यगण सिर पर छाप लेकर शांतिनाथ दादा के दरबार पहुंचे। वहां सभी ने आरती, पूजा-अर्चना एवं वंदन कर स्वयं को धन्य अनुभव किया। मुख्य अतिथि लालचंद सुराणा ने कहा कि अध्यक्ष अभय सुराणा की सकारात्मक सोच और कुशल नेतृत्व संस्था को निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर कर रहा है। आगामी मैत्री मिलन श्री बीबडोद तीर्थ में आयोजित करने का सुझाव देते हुए स्वयं को भी सेवा का अवसर प्रदान करने का आग्रह किया।

### आगामी यात्रा नाकोड़ाजी तीर्थ का होगी-

विशेष अतिथि राजकुमार सुराणा ने संस्था की सेवा गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता का आश्वासन दिया तथा रतलाम में ब्लड बैंक के माध्यम से संचालित सेवा कार्यों की जानकारी साझा की। वहीं जीवदया प्रेमी विनोद डांगी ने आगामी यात्रा श्री नाकोड़ाजी तीर्थ में आयोजित करने की घोषणा करते हुए मुख्य लाभार्थी बनने का सौभाग्य प्राप्त किया। अध्यक्ष अभय सुराणा ने स्वागत भाषण में संस्था की गतिविधियों एवं उद्देश्यों पर भी प्रकाश डालते हुए संस्था एवं सेवा गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। अतिथियों का स्वागत यात्रा संयोजक अभय श्रीमाल, नेमीचंद जैन, अनिल धारीवाल, अनिल पावेचा, अशोक सुराणा, बसंतीलाल चपडोद, शांतिलाल डांगी, यशवंत सुराणा, संजय सुराणा सहित अनेक सदस्यों द्वारा किया। आशा कोचट्टा, मंजू डांगी एवं पुष्पा चपडो़द द्वारा प्रस्तुत मेरी भावना सब सुखी संसार बने की प्रार्थना ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पुरस्कार अशोक एवं इंदु रांका द्वारा प्रदान किए गए।

### यह गणमान्य सदस्य रहे उपस्थित

डॉ. अशोक मंडलेचा, वर्धमान मांडोत, डॉ. सीएम मेहता, अभय भंडारी, सुभाष डूंगरवाल, विमल चपडोद, सुरेंद्र संघवी, अशोक झामर, आनंदीलाल लोढ़ा, दिलीप चत्तर, दिनेश सुराणा, कमल चपडोद, अजीत बरडिया, पुखराज पारख, हेमंत जैन, राजेंद्र कोचर, प्रकाश पामेचा, अशोक सावनसुखा, संतोष सांखला सहित बड़ी संख्या में सदस्यगण उपस्थित रहे। संचालन संस्था उपाध्यक्ष पुखराज पटवा ने किया, आभार सचिव राजकुमार हरण ने माना।सम्मान के साथ प्रेरणा स्वरूप स्थापित किया गया है, उसके लिए वे वर्तमान अध्यक्ष एवं उनकी टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

# एक माह में हटा लेंगे भूमि की खरीदी-बिक्री से रोक:एसडीएम

## जन संघर्ष समिति के सदस्यों से बोले एसडीएम



**जावरा।** जन संघर्ष समिति के सदस्यों एवं धारा 11 के प्रकाशन से प्रभावित लोगों ने सोमवार दोपहर 12.30 बजे एसडीएम कार्यालय परिसर में अनुविभागीय अधिकारी सुनील जायसवाल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एसडीएम को बताया कि उज्जैन-जावरा फोरलेन के नए एलाइनमेंट के बावजूद हुसैन टेकरी चौराहा से जोयो तिराहे के बीच की जमीन के क्रय-विक्रय पर लगी रोक को हटाया नहीं जा रहा है। इससे लोगों में नाराजगी बढती जा रही है। इस पर एसडीएम ने आश्वस्त करते हुए कहा कि अगले एक महीने में उक्त रोक हटा ली जाएगी। समिति सदस्यों का कहना था कि पिछले 6 माह से क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक डॉ.राजेन्द्र पांडेय, उज्जैन कमिश्नर, कलेक्टर रतलाम, एसडीएम कार्यालय, तहसीलदार को इस संबंध में पत्र लिखे गए। लेकिन प्रशासन की हठधर्मिता के कारण समस्या का निदान नहीं हो पाया। जन संघर्ष समिति ने उज्जैन-जावरा फोरलेन सडक के निर्माण को लेकर एसडीएम से वस्तुस्थिति स्पष्ट करने की मांग की तो उन्होंने कहा कि मेरी जानकारी के अनुसार उक्त रोड जमीन लेवल पर ही बनेगा। इस बीच समिति सदस्यों ने धारा 11 के तहत जमीन के खरीदने-बेचने पर जारी रोक एक महीने में नहीं हटाए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि एमपीआरडीसी रोड निर्माण के मामले में क्षेत्र की जनता को गुमराह कर रही है। जबकि प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव भी कह चुके हैं कि किसानों की मंशा के मुताबिक जमीन लेवल पर ही सडक बनेगी।

इस अवसर पर ये रहे उपस्थित-

इस अवसर पर सुनील पोखरना, मनोज मेहता, गुड्डू पठान, राजेश कोठारी, एडवोकेट प्रदीप सोलंकी, उबेद अंसारी, असलम मेव, जीतू मालवीय, जगदीश सोलंकी, मुबारक मामा, रईस कुरैशी, अली जमान, शशांक अग्रवाल, आरडी धाकड़, राधेश्याम पाटीदार, सुरेश माली, जीवन सैनी, मोहन सैनी, फरीद हुसैन मेव, अब्बास बोहरा, मनोहर धाकड़, जगदीश चौहान, नरेंद्र सेठिया, अनु मिस्त्री, इरफान, अब्दुल रहीम, मुजफ्फर शाह, आफताब आदि उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति वंदन एवं महिलाओं के अधिकार पर दिया व्याख्यान-



**जावरा।** भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नारी शक्ति वन्दन पखवाड़ा 11 से 25 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विभिन्न विभागों में व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एजी पठान ने बताया कि इस कार्यक्रम के प्रथम चरण में 13 अप्रैल को महाविद्यालय के हिंदी विभाग में नारी शक्ति वन्दन अधिनियम 2023 में विहित प्रावधानों पर आधारित व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य मुख्य वक्ता डॉ. अर्चना भट्ट प्राध्यापक शासकीय कला विज्ञान महाविद्यालय रतलाम ने नारी शक्ति वंदन एवं महिलाओं के अधिकार विषय पर अपना व्याख्यान दिया एवं विद्यार्थियों से संवाद किया। संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. आभा सक्सैना द्वारा किया गया एवं आभार श्यामलाल चौधरी सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया।



## नारी शक्ति वंदन महिला सम्मेलन का हुआ लाइव प्रसारण

**रतलाम।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज नारी शक्ति वंदन पखवाडा अंतर्गत महिला सम्मेलन को संबोधित किया गया। कार्यक्रम का जिला मुख्यालय रतलाम स्थित गुलाब चक्कर एवं एनआईसी कक्ष कलेक्ट्रेट परिसर में लाईव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री डॉ. लीला जोशी, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, नगर निगम की महिला पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री राम निवास बुधौलिया ने बताया कि नारी शक्ति वंदन पखवाडे के अंतर्गत 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक जिले में विभिन्न विभागों के समन्वय से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें व्याख्यान, गोष्ठी, पदयात्रा सहित कई गतिविधियाँ शामिल रहेंगी। कार्यक्रम के अंत में जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया।

## रायसेन में उन्नत कृषि महोत्सव कार्यक्रम मे रतलाम जिले के किसानों ने सहभागिता की

**रतलाम।** रायसेन स्थित दशहरा मैदान में 11 अप्रैल से 13 अप्रैल तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय उन्नत कृषि महोत्सव प्रदर्शनी सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिला रायसेन में उन्नत कृषि महोत्सव प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम मे रतलाम जिले के कृषको ने सहभागिता की एवं प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## इंदौर के अजन श्रीवास्तव हुए जालसाजी का शिकार

इंदौर केट रोड निवासी अजन श्रीवास्तव ने बताया कि मैंने एक जमीन खरीदी वह कुछ समय बाद उस जमीन को बेचने का सौदा गुरजीत रघुवंशी पिता मनोज रघुवंशी के साथ किया था लेकिन कुछ समय बाद मुझे मालूम पडा की खरीदी जमीन शिवनारायण जला द्वारा शहर के सक्रिय भू माफिया के माध्यम से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीन बेची गई मैंने अपनी बेची जमीन का सौदा तुरंत कैंसिल कर अनुबंध की संपूर्ण राशि ब्याज सहित गुरजीत रघुवंशी को वापस कर दी ।



## रतलाम ग्रामीण में विकासखंड स्तरीय डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह संपन्न

**रतलाम।** रतलाम ग्रामीण में विकासखंड स्तर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन सांदीपनी स्कूल, बिरमावल में किया गया। कार्यक्रम में रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के विधायक मथुरालाल डामर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सभी ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने एवं समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। समारोह में संविधान की प्रस्तावना का वाचन भी किया गया।

# भारतीय द्वारा प्रदत्त भूमि पर यह नेत्र चिकित्सालय सेवा का सशक्त केंद्र बन चुका: यश जैन

## लायंस क्लब की पारिवारिक सभा संपन्न, लोकार्पण, उद्घाटन एवं सम्मान समारोह हुआ आयोजित



**जावरा ।** सेवा, समर्पण और संस्कारों की प्रेरणादायी मिसाल प्रस्तुत करते हुए लायंस क्लब द्वारा रविवार को लायन नेत्र चिकित्सालय परिसर में पारिवारिक सभा का आयोजन किया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर एवं विशेष अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र रतलाम के अध्यक्ष केके सिंह कालूखेड़ा की उपस्थिति रही। ध्वज वंदना अर्चना चोपड़ा ने प्रस्तुत की। स्वागत उद्बोधन देते हुए क्लब अध्यक्ष यश जैन ने बताया कि स्व. कुंदनमल भारतीय द्वारा प्रदत्त भूमि पर निर्मित यह नेत्र चिकित्सालय आज सेवा का सशक्त केंद्र बन चुका है। क्लब का उद्देश्य केवल वर्तमान सेवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य में समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने जावरा में ब्लड बैंक की स्थापना, रेटिना जैसी जटिल नेत्र बीमारियों के उपचार की स्थानीय सुविधा विकसित करने तथा पूरे जावरा विधानसभा क्षेत्र में सेवा के सशक्त स्तंभ स्थापित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। मुख्य अतिथि गुर्जर ने कहा कि यह नेत्र चिकित्सालय सेवा का जीवंत तीर्थ है, जहां हजारों जरूरतमंदों को नई दृष्टि मिल रही है। उन्होंने भूमि दानदाता स्व. कुंदनमल भारतीय के योगदान को नमन करते हुए संस्थान के विकास हेतु सांसद निधि से 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। विशेष अतिथि केके सिंह कालूखेड़ा ने संस्था के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यहां की निस्वार्थ सेवा भावना प्रेरणादायी है और यह मानव सेवा के उच्च मापदंड स्थापित कर रही है। इस अवसर पर डॉ. एचएस राठौर ने भारतीय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके समाज के प्रति समर्पण एवं कार्यशैली का उल्लेख किया।

### प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान

क्लब के पूर्वाध्यक्षों के समर्पण को नमन करते हुए सभी का पगड़ी, शाल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। पुष्पवर्षा के बीच उनके योगदान का अभिनंदन किया। पारिवारिक सभा के अंतर्गत लक्की लायन एवं लक्की लायनेस उपहार क्रमशः लायन राजकुमार मारवाड़ी एवं श्रीमती पामेचा को प्रदान किए। सचिव अशोक चोपड़ा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि विगत 9 माह में हजारों लोगों के निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं सैकड़ों ऑपरेशन किए गए हैं। अब तक चिकित्सालय में 5,500 से अधिक सफल नेत्र ऑपरेशन एवं 65,000 से अधिक ओपीडी दर्ज की जा चुकी है। साथ ही लायंस डायग्नोस्टिक के माध्यम से रियायती दरों पर करीब 4000 से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया तथा लगभग 180 से अधिक सेवा कार्य संपन्न किए गए हैं।

### 65 केवी सोलर पैनल का किया उद्घाटन

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए चिकित्सालय परिसर में 65 केवी सोलर पैनल स्थापित कर उसका उद्घाटन किया। इस पहल के माध्यम से संस्था ने ऊर्जा बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्वों का भी प्रभावी निर्वहन किया है। रीजन चेयरमैन संतोष मेडतवाल, जोन चेयरमैन डॉ. शैलेंद्र पांडे, कोषाध्यक्ष राकेश कोचट्टा, डॉ. दिलीप शाकल्य, पूर्वाध्यक्षगण सहित अनेक लायंस सदस्य एवं भारतीय परिवार के ओमप्रकाश भारतीय, अशोक भारतीय, प्रतीक भारतीय, सुनील पोखरना, कानसिंह चौहान, हरिराम शाह, आजाद ढढडा, ओपी सिंह सहित गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरेश मेहता एवं शशि मेहता ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन राजकुमार मारवाड़ी ने माना।